INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class 6 - 3rd Lang.	Department: Hindi	Date ………………
Worksheet No: 5	Topic: अर्थग्रहण	Note: Pl. file in portfolio

दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए |

बहुत समय पहले गाँव में एक कुम्हार रहता था। वह हर रोज़ मिट्टी के बर्तन और खिलौने बनाकर उन्हें बेचने के लिए शहर जाता था। इसी से जैसे-तैसे उसका जीवन चल रह था। हर दिन की तंगी से परेशान होकर एक दिन उसकी पत्नी ने उससे कहा कि यह काम बंद करो और शहर जाकर किसी नौकरी की तलाश करो, ताकि हम लोग कुछ धन कमा सकें। कुम्हार को भी अपनी पत्नी की बात सही लग रही थी। वह शहर गया और वहाँ जाकर नौकरी करने लगा।

उसके मालिक ने एक दिन अपने बेटे के जन्मदिन पर खिलौना बनाने को कहा| कुम्हार ने एक सुंदर-सा खिलौना बना दिया| मालिक के बेटे को खिलौना खूब पसंद आया। वहाँ मौज़ूद सभी बच्चे वैसा ही मिट्टी का खिलौना लेने की ज़िद करने लगे| वे सभी उसी कुम्हार से खिलौने बनाने की माँग करने लगे।

मालिक ने कुम्हार से पूछा, “क्या तुम ऐसे ही खिलौने हर एक बच्चे के लिए बना सकते हो?”

कुम्हार ने खुश होकर कहा, “हाँ मालिक, ये तो मेरा काम ही है|”

मालिक के आदेश पर कुम्हार खिलौने बनाने में जुट गया। कुछ ही समय बाद रंग-बिरंगे खिलौने बनकर तैयार थे| कुम्हार की कलाकारी को देखकर मालिक बहुत खुश हुआ और उसने कुम्हार को मिट्टी के खिलौने बनाने का ही काम दे दिया।

उस मालिक ने कुम्हार को रहने के लिए अच्छा-सा घर और अच्छी तनख्वाह भी देने का फैसला किया। कुम्हार द्वारा बनाए गए खिलौनों से मालिक को काफी मुनाफा भी हुआ।

कहानी से सीख - हुनर कभी भी इंसान का साथ नहीं छोड़ता। अगर कोई किसी काम में माहिर है, तो उसका वह हुनर उसे मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाल सकता है।

1. गाँव में कौन रहता था?

क. एक जादूगर | ख. एक कुम्हार
ग. एक सिपाही | घ. एक पंडित

2. कुम्हार हर रोज़ शहर क्यों जाता था?

क. चूड़ियाँ बनाने | ख. घर का सामान खरीदने
ग. कपड़े बेचने | घ. मिट्टी के बर्तन और खिलौने बेचने

3. किसे खिलौना खूब पसंद आया?

क. राजा को | ख. मालिक की पत्नी को
ग. मालिक के बेटे को | घ. कुम्हार के दोस्त

4. सभी बच्चे क्या लेने की ज़िद करने लगे?

क. चॉकलेट | ख. गुब्बारा
ग. नए कपड़े | घ. मिट्टी का खिलौना

5. "हाँ मालिक, ये तो मेरा काम ही है|" यह वाक्य किसने कहा?

क. मंत्री ने | ख. मालिन ने
ग. कुम्हार ने | घ. बच्चे ने

6. मालिक ने कुम्हार को क्या देने का फैसला किया?

क. सोने का सिक्का | ख. नए कपड़े
ग. एक कार | घ. अच्छा-सा घर और अच्छी तनखवाह

7. हमारा हुनर हमें किससे बाहर निकाल सकता है?

क. घर से | ख. मुश्किल परिस्थितियों से
ग. डर से | घ. गुलामी से

8. दिए गए शब्दों के लिंग गद्यांश में से ढूँढकर लिखिए |

कुम्हारिन =.................... पति = ...

मालकिन =.................... बेटी = ...

****